गुजरात उच्च न्यायालय

गुजरात उच्च न्यायालय की स्थापना पूर्ववर्ती बम्बई राज्य का दो राज्यों महाराष्ट्र और गुजरात में विभाजन होने के बाद 1 मई, 1960 को हुई। उच्च न्यायालय ने माननीय प्रथम मुख्य न्यायाधीश श्री एस. टी. देसाई के प्रबंधन में, चार अवर न्यायाधीशों के साथ, अहमदाबाद में आकाशवाणी, नवरंगपुरा के निकट कार्य करना शुरु किया।

उच्च न्यायालय 16.01.1999 को, एस. जी. हाईवे, अहमदाबाद पर स्थित सोला में नए परिसर में स्थानांतरित हो गया। उच्च न्यायालय कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन 2 मार्च, 1997 को किया गया। उच्च न्यायालय ने 16 जनवरी, 1999 को नए कॉम्प्लेक्स में कार्य करना शुरु कर दिया।

माननीय उच्च न्यायालय, गुजरात ने वर्ष 2020 में हीरक जयंती पूरी की है। विगत 60 वर्षों के दौरान, गुजरात न्यायपालिका ने अनेक विधिक प्रतिष्ठित व्यक्तियों को जन्म दिया है और उनमें से अनेक ने अपनी विशिष्टताओं के साथ, माननीय उच्च न्यायालय और माननीय उच्चतम न्यायालय की पीठ की शोभा बढ़ाई है।

हीरक जयन्ती वर्ष 2020 में, माननीय उच्च न्यायालय ने एक स्मारक डाक–टिकट जारी करने की योजना बनाई थी। डाक–टिकट हीरे के आकार का है जिसमें गुजरात उच्च न्यायालय का प्रतिनिधित्व करते हुए 'सत्यमेव जयते' आदर्श वाक्य सहित सम्पूर्ण डाक–टिकट पर उत्कीर्ण किए गए उच्च न्यायालय के प्रतीक के साथ माननीय गुजरात उच्च न्यायालय का अगला भाग समावेशित है। डाक–टिकट के ऊपरी हिस्से पर न्याय का तराजू अंतः स्थापित है और शेष भाग पर गुजरात उच्च न्यायालय के भवन का अग्रभाग दर्शाया गया है। हीरे के आकार की डाक–टिकट की परिधि को अंग्रेजी और हिन्दी में निम्नलिखित शब्दों से अलंकृत किया गया है।

- हीरक जयन्ती
- गुजरात उच्च न्यायालय
- भारत 2020
- 1960–2020

कोरोना वायरस महामारी के कारण, डाक–टिकट अब 6 फरवरी, 2021 को जारी किया गया। डाक–टिकट को माननीय मुख्य न्यायाधीश श्री विक्रम नाथ के मार्गदर्शन में, गुजरात उच्च न्यायालय के हीरक जयन्ती समारोहों के लिए गठित डाक–टिकट समिति के माननीय न्यायाधीशों द्वारा परिकल्पित किया गया है।

डाक विभाग, हीरक जयन्ती समारोह के अवसर पर, "गुजरात उच्च न्यायालय" पर स्मारक डाक–टिकट जारी करते हुए प्रसन्नता का अनुभव करता है।

आभार :

डाक–टिकट / प्रथम दिवस आवरण / विवरणिका / विरूपण कैशे : श्रीमती अलका शर्मा

पाठ : प्रस्तावक द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर

तकनीकी आंकड़े

TECHNICAL DATA

मूल्यवर्ग	:	500 पैसे
Denomination	:	500 p
मुद्रित डाक टिकटें	:	416900
Stamps Printed	:	416900
मुद्रण प्रक्रिया	:	वेट ऑफसेट
Printing Process	:	Wet Offset
मुद्रक	:	प्रतिभूति मुद्रणालय, हैदराबाद
Printer	:	Security Printing Press, Hyderabad

The philatelic items are available for sale at Philatelic Bureaux across India and online at http://www.epostoffice.gov.in/PHILATELY_3D.html

© डाक विभाग, भारत सरकार। डाक टिकट, प्रथम दिवस आवरण तथा सूचना विवरणिका के संबंध में सर्वाधिकार विभाग के पास है।

© Department of Posts, Government of India. All rights with respect to the Stamp, First Day Cover and Information Brochure rest with the Department.

मूल्य ₹ 5.00

The High Court of Gujarat

The High Court of Gujarat was established on 1st May, 1960 upon bifurcation of the erstwhile State of Bombay into two States of Maharashtra and Gujarat. The High Court started functioning near Akashvani, Navrangpura, Ahmedabad under the stewardship of Hon'ble Mr. Justice S. T. Desai, as the first Chief Judge, along with four puisne Judges.

On 16.01.1999, the High Court was shifted to the new premises situated at Sola, on the S. G. Highway, Ahmedabad. The High Court Complex was inaugurated on 2nd March, 1997. The High Court started functioning in the new complex with effect from 16th January, 1999.

The Hon'ble High Court of Gujarat has completed its Diamond Jubilee in Year 2020. During the past 60 years, the Gujarat Judiciary has given birth to several legal luminaries and many of them have adorned bench of Hon'ble High Court and Hon'ble Supreme Court with distinction.

In Diamond Jubilee year of 2020, the Hon'ble High Court had planned to release a Commemorative Stamp. The Stamp is in the shape of the Diamond containing the front portion of Hon'ble High Court of Gujarat with symbol of High Court engraved on the whole with the motto of Satyamev Jayte representing the Gujarat High Court. The top portion of the stamp embeds the Scales of Justice with the remaining portion contains the front façade of the building of the High Court of Gujarat. The Circumference of the Diamond shaped Stamp is adorned with following wordings in English & Hindi:

- Diamond Jubilee
- The High Court of Gujarat
- India 2020
- 1960-2020

Due to Coronavirus pandemic, the stamp has now been released on February 6, 2021. The stamp has been conceptualized by Hon'ble Judges of Postal Stamp Committee Constituted for the Diamond Jubilee Celebrations of the High Court of Gujarat with the guidance of The Chief Justice Hon'ble Mr. Justice Vikram Nath.

Department of Posts is pleased to issue a Commemorative Postage Stamp on “The High Court of Gujarat” on the occasion of its Diamond Jubilee celebrations.

Credits:

Stamps/FDC/Brochure/ Cancellation Cachet	: Smt. Alka Sharma
Text	: Based on information received from the proponent

भारतीय डाक

India Post

डाक विभाग

DEPARTMENT OF POSTS

गुजरात उच्च न्यायालय

THE HIGH COURT OF GUJARAT



हीरक जयंती DIAMOND JUBILEE

विवरणिका BROCHURE